तापमान

अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 नारी शक्ति वंदन अधिनियम जब तक पास न हो जाए, संघर्ष ...



12 गर्मी बढ़ने से दूध-दही की मांग में तेजी, कीमत में ...





**खबर संक्षेप**

### कार पेड़ से टकराई, चालक घायल

**धमतरी।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने घर रायपुर लौट रहे युवक को अचानक झपकी आने से उसकी कार पेड़ से टकरा गई।



- ग्राम बनरौद के पास हुआ हादसा

इस घटना में चालक घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी प्रमोद ध्रुव अपनी कार क्रमांक सीजी 04 पीसी 7994 से शादी कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार के घर नरहरपुर गया था जहां से मंगलवार की सुबह अपनी कार को चलाते हुए वापस रायपुर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम बनरौद से कुकरेल की ओर जाते समय प्रमोद को झपकी आ गई जिसके कारण कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस घटना में कार चला रहा प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर वरदान संस्था की टीम एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायल को उपचार के लिए एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

### छत से गिरे मासूम की मौत

**धमतरी।** खेलते समय एक मासूम अचानक छत से गिर गया। घटना में गंभीर रूप से घायल बच्चे की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार प्रियांशु साहू पिता



- गर्मी छुट्टी मनाने चाचा के घर गया था

लीलूराम उम्र 7 वर्ष ग्राम मडियापार थाना गुंडरदेही निवासी तीसरी कक्षा का छात्र था। इन दिनों प्रियांशु अपनी बड़ी बहन के साथ गर्मी छुट्टी मनाने अपने चाचा घनश्याम साहू के घर बालोद गया था। सोमवार को प्रियांशु घर की छत पर खेल रहा था। इसी दौरान खेलते खेलते प्रियांशु अचानक छत से नीचे गिर गया। इस घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। चाचा घनश्याम फोन पर बड़े भाई लीलूराम को सूचना देकर बच्चे को उपचार के लिए बालोद ले गए। सूचना पर पिता भी बालोद के अस्पताल पहुंचा गया। इस दौरान घायल प्रियांशु बातचीत कर रहा था। प्राथमिक उपचार व चेकअप के बाद डाक्टर ने घायल बच्चे को उपचार के लिए धमतरी ले जाने का परामर्श दिया। परिजनों ने घायल बच्चे को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान सोमवार की दोपहर बच्चे की मौत हो गई। पिता का कहना है कि बच्चे की मौत छत से गिरने से लगी अंदरूनी चोट के कारण हुई है। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# हाईटेक आईपीएल सट्टा नेटवर्क ध्वस्त, आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मोबाइल एप व यूपीआई के जरिये संचालित हाईटेक आईपीएल सट्टा नेटवर्क को ध्वस्त कर आनलाइन सट्टा पर एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस नेटवर्क के मुख्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

जीरो टालरेंस नीति के तहत पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। विशेषकर आनलाइन आईपीएल सट्टा जैसे संगठित अपराधों पर कड़ी नजर रखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार द्वारा सख्त कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया है। इसी के तहत पुलिस द्वारा आनलाइन सट्टा नेटवर्क की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने सट्टा प्रकरण में एक और कार्रवाई को अंजाम दिया है। कोतवाली पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से आमातालाब रोड स्थित यादव भवन के पास एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल के माध्यम से आनलाइन सट्टा संचालित करने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग टीम

**मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस**





तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी मनमोहन पटेल उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किये गये शंकर मंगलानी बनियापारा निवासी द्वारा उपलब्ध कराई गई आईडी के माध्यम से एवं दिये गये पासवर्ड का उपयोग कर सीएसके विरूद्ध एचआरए टीम के आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच में हार-जीत का दांव लगवा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाइल फोन कीमत 10 हजार रूपये को जब्त किया है। कोतवाली में धारा 7-क जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी मनमोहन पटेल उर्फ छोटू पिता शिवशंकर पटेल उम्र 43 वर्ष शिव चौक बनियापारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी का सीधा संपर्क मुख्य आरोपी शंकर मंगलानी से था जो लोगों को आनलाइन सट्टा खेलने के लिए आईडी उपलब्ध करा पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

### जिपं की सामान्य सभा में महिला आरक्षण पर विरोधी रवैए को लेकर विपक्ष की निंदा

# निर्बाध बिजली के लिए एक माह में बनेंगे तीन नए सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत की सामान्य सभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के रवैए की निंदा की गई। इस बैठक में जिले में निर्बाध बिजली के तीन जगहों पर सब स्टेशन लगाने पर चर्चा हुई। उपस्थित सभी जिला पंचायत सदस्यों ने पीएम सूर्यघर योजना के तहत अपने घर में सोलर सिस्टम लगाने का संकल्प लिया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 28 अप्रैल को जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सामान्य सभा में नारी शक्ति वंदन



अधिनियम को लेकर विपक्ष के रवैये की कड़ी निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में कुल 13 में से 11 सदस्य उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण कुमार सार्वा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह विधेयक देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्ष ने जनगणना और परिसीमन जैसे मुद्दों को बहाना बनाकर इसे बाधित करने का प्रयास किया। सदस्यों ने इसे महिला सशक्तिकरण के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण राजनीति करार दिया।

#### परिसीमन से मिलेगा प्रतिनिधित्व

जिपं अध्यक्ष श्री सार्वा ने बताया कि कई कारणों से जनगणना में विलंब हुआ है। अब जातिगत जनगणना हो रही है। इस जनगणना के बाद लोकसभा सीट के लिए परिसीमन भी होगा। अभी कई सीटें ऐसी हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 50 लाख है, वहीं कई सीटों में मतदाताओं की संख्या 5-6 लाख है। इस विडंबना को परिसीमन से दूर किया जाएगा। एक निश्चित जनसंख्या पर लोकसभा सीट का निर्धारण किया जाएगा। इससे सीटें बढ़ेंगी। सीटें बढ़ने से महिलाओं को प्रतिनिधित्व का ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलेगा पर विपक्ष ऐसा नहीं चाहती है।

#### विकास कार्यों की हुई समीक्षा

सामान्य सभा में जिले के विकास कार्यों, जनहित योजनाओं और विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू सहित सदस्य टीकाराम कंवर, अजय ध्रुव, मोनिका देवांगन, पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, धनेश्वरी साहू, अनीता ध्रुव, मीना साहू, गरिमा नेताम तथा जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव और मगरलोड अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर, लेखाधिकारी चंदन टंडन, उपसंचालक नकुल प्रसाद वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### दूर होगी बिजली की समस्या

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर में खराबी और अनियमित आपूर्ति के मुद्दे प्रमुखता से उठे। अधिकारियों ने बताया कि गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कसपुर, बोराई और सिर्री में एक माह के भीतर नए विद्युत सब-स्टेशन शुरू किए जाएंगे। गर्मी में पेयजल संकट से निबटने के लिए भी प्लानिंग पर चर्चा की गई।

#### सदस्यों की धरों पर लगेंगे सोलर पैनल

बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों ने पीएम सूर्यघर योजना को बढ़ावा देने के लिए अपने घरों में सोलर पैनल लगाने और लोगों को इसके लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में स्कूलों में शिक्षकों की कमी, भवन मरम्मत, पेयजल और गुणवत्ता शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सभा में सदस्यों ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं उठाईं।

# धमतरी जिला चना खरीदी में प्रदेश में अग्रणी, 76 हजार क्विंटल खरीदी पूरी

- छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक खरीदे गए कुल चने का लगभग 40 प्रतिशत अकेले धमतरी जिले से

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत धमतरी जिले में चना खरीदी कार्य तेज गति से जारी है। जिले के 11 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य पर चना खरीदा जा रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हो रहा है। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित 1 लाख क्विंटल के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 5847 किसानों से 76 हजार क्विंटल चना खरीदी की जा चुकी है, जो लक्ष्य का लगभग 76 प्रतिशत है। विशेष बात यह है कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक खरीदे गए कुल चने का लगभग 40 प्रतिशत अकेले धमतरी जिले से है, जिससे जिला प्रदेश में अग्रणी स्थान पर बना हुआ है।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। तौल, भंडारण और परिवहन की सुचारू व्यवस्था के साथ-साथ किसानों के पंजीयन एवं सत्यापन



कार्य भी सरल और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है। अब तक जिले के किसानों को लगभग 7 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है, जो सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया है। इससे किसानों में उत्साह बना हुआ है और वे अधिक मात्रा में अपनी उपज विक्रय के लिए केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपनी उपज उपार्जन केंद्रों में लाकर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

# ई-रिक्शा की छत पर युवक को बैठाकर दौड़ाया वाहन

- यातायात नियमों की धज्जियां : चटौद में ई-रिक्शा चालक की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बालोद जिले के ग्राम चटौद स्थित नेशनल हाईवे पर मंगलवार की दोपहर एक हैरान कर देने वाला और खतरनाक नजारा देखने को मिला, जहां एक ई-रिक्शा चालक अपने साथी युवक को वाहन की छत पर बैठाकर सड़कों पर घूमता नजर आया। मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे, जब तेज गर्मी के बीच सड़क पर आवाजाही जारी थी, उसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने लापरवाही की सारी हदें पार कर दीं। चालक अपने एक मित्र को ई-रिक्शा की छत पर बैठाकर हाईवे पर घूमता रहा। इस दौरान न तो चालक ने किसी संभावित खतरे की परवाह की और न ही यातायात नियमों का पालन किया। यह घटना न सिर्फ दोनों युवकों की जान के लिए जोखिम भरी थी, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा पैदा कर रही थी। थोड़ी सी भी चूक या असंतुलन गंभीर हादसे का कारण बन सकती थी। यातायात नियमों के

**हाईवे पर जानलेवा स्टंट**



अनुसार इस तरह वाहन की छत पर सवारी बैठाना पूरी तरह गैरकानूनी है और इसके लिए कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद इस तरह की लापरवाही सामने आना चिंताजनक है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो धमतरी ऑटो यूनियन के अध्यक्ष साहिल अहमद ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड किया, जिसे बाद में साझा किया। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता की जरूरत को उजागर किया है। प्रशासन को ऐसे मामलों पर सख्ती दिखाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।

# सुशासन तिहार और जनगणना को लेकर सख्ती, बिना अनुमति अवकाश पर रोक

- अगले 3 माह तक बिना अनुमति छुट्टी नहीं, जिला प्रशासन का आदेश जारी

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार एवं आगामी जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार आगामी तीन माह की अवधि तक कोई भी शासकीय सेवक बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अवकाश स्वीकृत किए जाने से पूर्व संबंधित अधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी। बिना पूर्व स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति माना जाएगा, जिसे सेवा नियमों के अंतर्गत ब्रेक इन सर्विस (सेवा में व्यवधान) के रूप में भी दर्ज किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी शासकीय सेवकों को यथासंभव दूरभाष अथवा डिजिटल माध्यम से पूर्व सूचना देना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, कार्यालय में पुनः उपस्थित होने पर तत्काल इसकी पुष्टि करना भी आवश्यक होगा। जिला प्रशासन ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुशासन तिहार एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की सफलता हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी और निरंतर उपस्थिति आवश्यक है।

# बारना सरपंच के खिलाफ गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- अनियमितताओं की जांच कर धारा 40 के तहत कार्रवाई की मांग

ग्राम पंचायत बारना के सरपंच पर गांव के दो परिवारों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। घास जमीन को बेचने, अतिक्रमण कर मकान बनाने आदि की शिकायत कर सरपंच पर धारा 40 के तहत कार्रवाई करने का आवेदन कलेक्टर जनदर्शन में किया है।

धमतरी ब्लाक के ग्राम पंचायत बारना निवासी तोरणलाल पिता फगुवा राम नेताम, मधुसुदन पिता धनेश यादव ने मंगलवार को अपने परिजनों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर सरपंच के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि सरपंच राजनीति रंजिश भुना रहा है। अतिक्रमण बता रहे जमीन पर वे लोग कई वर्षों से काबिज हैं। आबादी जमीन के लिए कई बार ग्राम सभा में आवेदन किया गया। पूर्व सरपंचों ने इसका मौखिक आदेश दिया था। काबिज जमीन में वर्षों से झोपड़ी बनाकर निवास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका नाम कटवाया गया है। काबिज जमीन में रहने के लिए सरपंच ने 50 हजार रूपये की मांग की, नहीं देने पर बेदखल करने की चेतावनी दी है। जिन लोगों ने मोटी रकम दी है, उन्हें



तालाब पार में घास जमीन आवंटित की है। बरगद और नीम पेड़ को काटने की अनुमति दी गई है। गांव में अनेक लोगों ने तालाब पार में अतिक्रमण किया है। उन्हें पीएम आवास की अनुमति दिया जाना जांच का विषय है।

तोरणलाल नेताम, मधुसुदन ने बताया कि सरपंच स्वयं अतिक्रमण कर मकान निर्माण करा रहा है। घास जमीन पर ईंट बनाने के लिए मोटी रकम लेकर अनुमति दी है। ग्राम विकास समिति को मोहरा बनाकर अवैध रूप से ट्रेक्टर से रेत की निकासी करा रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने बिना पूर्व सूचना के तीन व्यक्ति के आवास पर अतिक्रमण की कार्रवाई करने, घास जमीन बेचने, अतिक्रमण कर मकान बनाने आदि अनियमितताओं की जांच कर धारा 40 के तहत कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर से की है।

### सुधार के लिए 70 साल से कोई प्रयास नहीं

# 1955 के सदर मार्ग की जर्जर हालत से शहर बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र सदर मार्ग इन दिनों बदहाली और अव्यवस्था का प्रतीक बन गया है। वर्षों पुरानी संकरी सड़कों पर बढ़ते ट्रैफिक का दबाव अब शहर की रफ्तार को थाम रहा है। गड्ढों, धूल और जाम के बीच हर दिन हजारों लोग परेशान हो रहे हैं, जिससे व्यापार और आमजन का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

सदर मार्ग और उससे जुड़े प्रमुख रास्तों की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है। जहां कभी कम आबादी के अनुरूप सड़कें बनाई गई थीं, वहीं अब शहर की जनसंख्या सवा लाख पार कर चुकी है। ऐसे में 1955 की बसावट वाली संकरी सड़कों पर 2026 का ट्रैफिक संभालना मुश्किल हो गया है। मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, इतवारी बाजार और गणेश चौक जैसे क्षेत्रों में स्थिति और भी



विकट है, जहां पैदल चलने वालों को भी जाम का सामना करना पड़ता है।

यातायात अव्यवस्था की इस समस्या को और गंभीर बना रही है। दुकानों के सामने बेतरतीब पार्किंग, व्यस्त समय में भारी वाहनों की आवाजाही और सड़क की खराब स्थिति मिलकर जाम को स्थायी रूप दे चुके हैं। गड्ढों से बचते हुए वाहन चालकों को धीमी गति से चलना पड़ता है, जिससे पीछे लंबी कतारें लग जाती हैं।

सड़क की बदहाली का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। उबड़-खाबड़ रास्तों पर रोजाना सफर करने से पीठ दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव और रीढ़ से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक ऐसी सड़कों पर चलने से सर्वाइकल जैसी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं।

समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने 3.23 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों के मरम्मत और निर्माण की योजना बनाई है। इसके तहत सदर रोड, शिव चौक मार्ग, मठ मंदिर चौक से छत्रपति शिवाजी चौक और बालक चौक से रोकड़िया चौक तक के मार्गों का सुधार किया जाएगा। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि टेंडर जारी हो चुका है और जल्द कार्य शुरू होगा। वहीं पीडब्ल्यूडी सभापति विजय मोटवानी ने भी शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया है।

#### समस्या और समाधान एक नजर में

सदर मार्ग की समस्या केवल जर्जर सड़कों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संकरी सड़क, अव्यवस्थित पार्किंग, भारी वाहनों के अनियंत्रित प्रवेश और आमापारा क्षेत्र में सड़क पर फैले मलबे जैसी कई वजहों से जटिल बन चुकी है। इन सभी कारणों से रोजाना जाम की स्थिति बनती है और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। अब निगम द्वारा 3.23 करोड़ रुपए की लागत से सड़क मरम्मत, प्रमुख मार्गों के सुधार और यातायात दबाव कम करने की दिशा में पहल की जा रही है, जिससे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# निजी स्कूल संचालक करेंगे पर्यावरण की रक्षा

- बढ़ते तापमान और जल संकट के बीच 80 स्कूल संचालकों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बढ़ते तापमान, जल संकट और जलवायु परिवर्तन के गंभीर होते प्रभावों को देखते हुए निजी विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के लगभग 80 विद्यालय संचालकों ने भाग लिया और पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने और इस दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

हर साल गर्मी अपने रिकार्ड तोड़ने में आमादा है। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति को देखते हुए निजी विद्यालय प्रबंधक संघ ने



पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प लिया। इसके लिए एक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले के 80 विद्यालय के संचालकों ने हिस्सा लिया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी, अनियमित वर्षा और जल स्त्रोतों में कमी भविष्य के लिए गंभीर संकेत हैं। स्थिति को ध्यान में रखते हुए संघ ने शिक्षा के माध्यम से जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ ली। संघ ने तय किया कि सभी विद्यालयों में पौधरोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं स्वच्छता कार्यक्रम नियमित चलाए जाएंगे।

कार्यक्रम में विनोद पांडे, पारख दास मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष तरुण भांडे, गजेन्द्र पटेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जनगणना में कॉलम न होने पर बढ़ा विरोध



**कांकेर।** पिछड़ा वर्ग ने जनगणना प्रक्रिया को लेकर नाराजगी जताई है। जिलाध्यक्ष माथेश्वर जैन ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम नहीं होने से वास्तविक आबादी का आंकलन संभव नहीं होगा। उन्होंने इसे गंभीर और सुनियोजित अनदेखी बताते हुए कहा कि गिनती बिना हक तय नहीं हो सकता। इसके साथ ही 27 प्रतिशत आरक्षण लागू न होने पर सरकारों की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने जनगणना में संशोधन की मांग करते हुए चेतावनी दी कि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## निधन

### डॉ. बीरेंद्र कुमार साहू

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला निवासी डॉ. बीरेंद्र कुमार साहू उम्र 58 वर्ष का निधन 25 अप्रैल शनिवार को हो गया। वे डॉ. पुनौतिन साहू के पुत्र, सुमन साहू के पति और भूपेंद्र (सोनू) साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में परिजन, समाजजन एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### भीषण साहू

**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी भभीषण साहू का निधन 27 अप्रैल सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। मौके पर मिलन्तीन साहू पत्नी, संतोष साहू पुत्र, लता साहू बहू, देवनाथ साहू पुत्र, चुनेश्वरी साहू बहू के अलावा गणेशराम, मोहन, सोमनाथ, राकेश, चेमन, परमानंद, शिवकुमार, आर्यन, समर, लक्की, रौनक समेत ग्रामवासियों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# नगरी विकासखंड के उजरावन-मादागिरी में जल संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत करही के आश्रित ग्राम उजरावन (मादागिरी) में पेयजल व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। गांव में जल आपूर्ति की स्थिति चिंताजनक बन गई है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हैंडपंप से दिए गए कनेक्शन को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण पहले जहां हर घर तक पानी पहुंच रहा था, अब वहां जल आपूर्ति ठप पड़ गई है। इससे पूरे मोहल्ले में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है और लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



### सौर संयंत्र खराब, ग्रामीण दूर से ला रहे पानी

**जल आपूर्ति प्रणाली पिछले एक माह से ठप**

गांव के किसन लाल मण्डावी, दुलचंद कुंजाम, धरमसिंह कुंजाम, दयाराम पटेल, रामरतन नेताम, विष्णु यादव, मनीराम नेताम ने बताया कि सौर ऊर्जा आधारित जल आपूर्ति प्रणाली (क्रेडा विभाग) पिछले एक माह से खराब पड़ी हुई है। कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक सुधार की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।



### ग्रामीणों में नाराजगी

ग्रामीणों का कहना है कि जब सहायक अभियंता से इस संबंध में चर्चा की गई, तो उन्होंने कार्यालय में आवश्यक इन्वर्टर पैनल उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर अपनी असमर्थता जताई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है और वे जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सौर संयंत्र की मरम्मत कराई जाए तथा हैंडपंप कनेक्शन को पुनः चालू किया जाए, ताकि गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो सके।

### नारी शक्ति आक्रोश सभा में विपक्ष पर महिला हितों की अनदेखी करने का लगाया आरोप

# भाजपा मंडल ने इंडी गठबंधन का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा नगरी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को इंडी गठबंधन द्वारा लोकसभा में गिराए जाने के विरोध में नारी शक्ति आक्रोश सभा एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के महिला विरोधी रवैये को उजागर करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पुतला दहन के दौरान कार्यकताओं और पुलिस में छीनाझपटी हुई।



कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के समर्थन में जोरदार नारे लगाए तथा संदेश दिया कि नारी सम्मान से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष महिला हितों की अनदेखी कर रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में मजबूत स्थान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है।

मौके पर प्रेमलता नागवंशी, अंबिका ध्रुव, डेगेश्वर साहू, प्रीति यादव, दिनेश्वरी नेताम, प्रतिमा देवांगन, सुलोचना सिन्हा, चंद्रकला साहू, भुवनेश्वरी ध्रुव, कलावती मरकाम, वैभव राजपूत, महामंत्री नगरी मंडल सुलोचना साहू, महामंत्री रूपेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, राजेश नाथ गोसाईं, पार्षद शंकर देव, अश्वनी निषाद, देवचरण, रामगोपाल साहू, चित्रांश नागवंशी, महेंद्र नेताम, यश जैन, दीनदयाल सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परसट्ठी में टिन शेड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत परसट्ठी में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। मौके पर श्रीमती अनीता देशमुख जनपद सदस्य मगरलोड, कुसुमलता साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, तोमन लाल साहू सरपंच, संतराम साहू उपसरपंच, तोषण साहू पूर्व तहसील साहू संघ अध्यक्ष, सुभाष देशमुख, पुनाराम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू संघ, नीलकंठ साहू सचिव ग्रामीण साहू संघ, भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष साहू संघ, गौतम साहू, परमेश्वर साहू, लुकेश्वर साहू, पंचगण घनश्याम साहू, देवानंद साहू, शोभाराम ध्रुव, विष्णुराम साहू समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

# शिक्षकों ने पूर्ण पेंशन के लिए उठाई आवाज

- प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की बैठक में सैकड़ों शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की प्रांतीय बैठक रायपुर में संपन्न हुई। प्रांत अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में रायपुर वेलकम श्री में सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। बैठक में पेंशन सेवा अधिनियम 1976 के तहत एवं हाईकोर्ट के फैसले के तहत शासन को दबाव बनाने हेतु रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने कहा कि 1998 के शिक्षकों के लिए एक सुनहरा अवसर है जिसमें हम डबल बेच में केस जीत चुके हैं। एकजुटता की आवश्यकता है। दिनेश सिंह एवं नारायण सोनी ने कहा कि आज से सेवानिवृत्ति हो रहे शिक्षकों को महज दो हजार रुपए पेंशन प्राप्त हो रही है जो निंदनीय है। आगे कहा कि 1998-99 के शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारी की पेंशन ही उसके बुढ़ापे का एक मात्र सहारा होता है जिसे भी शासन नहीं दे रहा है। हमें हर हालत में पूर्ण पेंशन प्राप्त करनी है।

मौके पर उपप्रांत अध्यक्ष दिनेश सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नारायण सोनी, प्रदेश सचिव नवीन चंद्राकर, प्रदेश महासचिव देशनाथ पांडे ,प्रांतीय शिक्षा सचिव अजीत मानिक पुरी, संभाग अध्यक्ष हजरत अली, धर्मा वर्मा, खेदूराम चंद्राकर, कमलेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष अशोक साहू, धरेंद्र तिवारी, मनोज ठाकुर मार्को, अनिल ढीढी , आरपी सिंह, घनश्याम देवांगन, प्रकाशमणि देवांगन, डेगमन रजवाड़े सहित अनेक शिक्षक मौजूद थे।

# अधिक मांसाहारी भोजन के सेवन से बड़ी आंत में कैंसर का खतरा : डॉ. हरदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

आज की इस भागदौड़ की जिंदगी में हमें खाने-पीने पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। स्वच्छ खानपान से मन और शरीर स्वस्थ रहता है। यह कहना है भखारा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मोहन हरदेल का। डॉ. हरदेल ने बताया कि खान-पान का हमारे जीवन में गहरा प्रभाव पड़ता है। ज्यादा मांसाहारी भोजन करने से बड़ी आंत (कोलोन) में कैंसर होने की संभावना रहती है। वैसे ही ज्यादा प्रिजर्वेटिव पदार्थ से पेट के कैंसर होने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। अतः हमें प्रकृति के साथ चलते हुए ताजी हरी सब्जियां और फलों का सेवन कर बड़ी बीमारी से मुक्त हो सकते हैं। डॉ. हरदेल ने बताया कि प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ सुरेश आडवाणी अपने रायपुर प्रवास के दौरान एक इंटरव्यू में भी कह चुके हैं कि बीमारियों का जड़ हमारी खान-पान की आदतों एवं दिनचर्या है। देर रात सोना और सुबह देर से उठने से आगे चलकर हृदय रोग एवं कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम काफी हद तक रहता है। अधिक मांसाहारी भोजन करने से बड़ी आंत और ज्यादा प्रिजर्वेटिव फूड खाने से पेट का कैंसर होने का खतरा दस गुना बढ़ जाता है। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह आधे से 1 घंटे मॉर्निंग वॉक या योग जरूर करें।



# कुरूद में नए बीईओ बैस का हुआ स्वागत

- सर्व संगठन ने बेहतर शैक्षणिक वातावरण की अपेक्षा जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शिक्षा विभाग में यह परिवर्तन प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से कार्यालय में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा का वातावरण बना हुआ था, जिसके बाद विभाग ने समन्वय और सुचारू कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया।

नव पदस्थ बीईओ राजेश बैस के पदभार ग्रहण करने पर सर्व शैक्षिक संगठन ब्लॉक कुरूद द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक देवेंद्र कुमार दादर, संयोजक अशोक कुमार निर्मालकर सहित हरिश देवांगन, हुमन चंद्राकर, हुलेश चंद्राकर, मनीष देव वर्मा, लूकेश राम साहू, फालेश्वर कुर्रे, राजेश पांडेय, कुलेश्वर सिन्हा, भावना श्रीवास्तव, शिप्रा कनोजे, प्रकाश सेन, जे.के. साहू, मिथलेश कंवर, पारस यादव, खुमान साहू, शंकर दास मानिकपुरी, सतीश साहू, हरिश निर्मलकर, टोवेंद्र बैस, लक्ष्मीनाथ कौर, दूजराम सोनकर, एस.के. साहू, प्रवीण साहू, अन्नू देवांगन, धनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षकों ने नए बीईओ का स्वागत करते हुए बेहतर शैक्षणिक वातावरण की अपेक्षा जताई। नव पदस्थ बीईओ राजेश बैस ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।



### बनगांव में किसानों को दी जा रही पीएमडीएस तकनीक की जानकारी

# पीएमडीएस से किसानों की आय में होगी वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ब्लॉक के ग्राम बनगांव में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती पद्धति से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमडीएस (प्री मानसून ड्राई सोइंग) अभियान चलाया जा रहा है। इसे प्रदान संस्था के सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और खेती को अधिक टिकाऊ बनाना है।

अभियान के तहत किसानों को मानसून से पहले ही सूखी बुवाई (ड्राई सोइंग) करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस तकनीक के माध्यम से किसान समय से पहले फसल तैयार कर सकते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो पाता है।

इस अभियान के माध्यम से किसानों को यह भी बताया जा रहा है कि कम लागत में अधिक उत्पादन कैसे लिया जा सकता है। फसल विविधीकरण, जैविक उर्वरकों का उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह पहल कारगर साबित हो रही है।





**मिट्टी की नमी का बेहतर संरक्षण, जल संरक्षण में मदद**

विशेषज्ञों के अनुसार पीएमडीएस तकनीक अपनाने से कई महत्वपूर्ण फायदे होते हैं। इसमें मौसम की अनिश्चितता के बावजूद फसलों की उत्पादकता बढ़ती है, मिट्टी की नमी का बेहतर संरक्षण होता है तथा जल संरक्षण में भी मदद मिलती है। विभिन्न फसलों की बुवाई से भूमि की उर्वरता बनी रहती है और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है।

किसानों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस अभियान से उन्हें नई तकनीकों की जानकारी मिल रही है, जिससे उनकी खेती अधिक लाभकारी बन सकती है। आने वाले समय में इस अभियान के सकारात्मक परिणाम क्षेत्र में देखने को मिलेंगे।

ग्राम चनागांव में चल रहा यह अभियान क्षेत्र के किसानों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है, जो उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, घुरावड़ मवेशी बाजार को बंद कराने नागरिकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, घुरावड़ मवेशी बाजार को बंद करने की मांग को लेकर बेलरगांव में गौ सम्मान अभियान के तहत स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन किया। इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम बेलरगांव तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

नागरिकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। इससे पहले बेलरगांव में एक बड़ी मवेशी बाजार लगता था जिसे कुछ वर्षों पहले बंद करा दिया गया था। लेकिन अब घुरावड़ में फिर से बैला बाजार लगना शुरू हो गया है।




इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, संत कोठारी, भारत पटेल, अरविंद यादव, प्रेम साहू, चैतन्य साहू, शिवम देवांगन, करण सेन , अमन चोपड़ा, हेमंत देवांगन, गोलू कश्यप सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। लोगों ने एकजुट होकर गौ माता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

**होगा उग्र आंदोलन**

अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बाजार के चलते गौवंश की तस्करी बढ़ रही है और कई पशु दूसरे राज्यों के कसाई खानों तक पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ज्ञापन में आगे कहा कि उनकी मांगों को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक पहुंचाया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि घुरावड़ का मवेशी बाजार बंद नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# डोंगरगुड़ा स्कूल का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोंगरगुड़ा का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। प्राचार्य एम.एस. जयसिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया।

परीक्षा परिणाम की घोषणा व्याख्याता श्रीमती आभा श्रीवास्तव ने की। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रथम सुचित्रा, द्वितीय निधि और तृतीय स्थान चौंदनी रही। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 55.26 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रथम भूमिका, द्वितीय शशांक तथा तृतीय योगिता रही। परीक्षा परिणाम 86.65 प्रतिशत दर्ज किया गया। विज्ञान संकाय में प्रथम शारदी, द्वितीय फगेंद्र तथा तृतीय खेलन कुमार रहे। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।



कार्यक्रम का संचालन पीएल साहू ने किया। इस अवसर पर पेमल साहू, सुरेन्द्र कुमार, उपसरपंच व्याख्याता के.के. मंडावी, डी.एस. नागेश, टी.सी. साहू, हिरेमणी कश्यप, जे. खेलन, रेणुका साहू, पल्लवी बेस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थि थे। कार्यक्रम में बिच्चा नेताम एवं सरला सोम का विशेष सहयोग रहा।

# महिलाओं के सम्मान, सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों पर समझौता स्वीकार नहीं

## भाजपा रांवा मंडल ने देमार में विपक्षी दलों का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी रावां मंडल द्वारा ग्राम देमार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इंडी गठबंधन का पुतला दहन किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने इंडी गठबंधन पर लोकसभा में इस महत्वपूर्ण विधेयक को गिराने का आरोप लगाते हुए विपक्ष के महिला विरोधी चेहरे को उजागर करने का प्रयास किया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आगे कहा कि भाजपा सदैव महिला सशक्तिकरण के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी इस दिशा में प्रतिबद्ध रहेगी। पूर्व सदस्य जनपद पंचायत डीपेन्द्र साहू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। विपक्षी दलों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध किया।

भाजपा रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो दल महिलाओं के अधिकारों का विरोध करते हैं, उनका असली चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है।

मौके पर मुरारी यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, बसंत मीनपाल मंडल उपाध्यक्ष, ज्ञानीराम साहू मंडल उपाध्यक्ष, राकेश सिन्हा महामंत्री, लक्ष्मी साहू ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, ललित माणिक, शीतकुमार साहू, बिमलेश मीनपाल सरपंच, बालमुकुंद, धनेश्वरी साहू, सोनीबाई यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भुनेश्वर कुमार विधिक सहायता समिति के सदस्य नियुक्त



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा विधिक सहायता के क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, अधिवक्ता भुनेश्वर कुमार सिन्हा को परिषद की विधिक सहायता समिति का नामित सदस्य नियुक्त किया गया है। यह निर्णय 18 अप्रैल को आयोजित परिषद की सामान्य सभा की बैठक में लिया गया, जिसे 24 अप्रैल 2026 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। परिषद के अध्यक्ष के निर्देशानुसार यह आदेश जारी किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे भुनेश्वर कुमार सिन्हा विधि क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं और समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय रही है। उनके अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए परिषद ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से विधिक सहायता सेवाओं को और अधिक प्रभावी तथा मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। इस उपलब्धि पर अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू, नीरजधर तिवारी, रवि दाते, बसंत जैन, प्रवीण साहू, कीर्ति शाह, विपिन पवार, रविशंकर अवस्थी, समरभूषण गुप्ता, चंद्रशेखर राजपूत, सचिन जाचक, अमित झा, सुनील सालुंके, तानेश्वरी, भारती चंद्राकर, मोनिका, झरना समेत अनेक अधिवक्ताओं ने हर्ष जताया है।र

### अवैध शराब के साथ वेटर गिरफ्तार, 20 पौवा जब्त

**कांकेर।** थाना चारामा पुलिस ने 27 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सहायक उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं साइबर टीम क्षेत्र भ्रमण पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आयुष बिरयानी ढाबा में कार्यरत वेटर परमेन्द्र साहू शराब बिक्री हेतु ला रहा है। उसके कब्जे से सफेद थैले में रखे 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

**कांकेर।** कोतवाली अंतर्गत सिदेसर निवासी 28 वर्षीय युवक विजय नेताम पिता स्व. रामाराम ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। कोड़जुंगा निवासी 60 वर्षीय दिनेश नेताम ने पुलिस को जानकारी दिया पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### वृद्ध की मौत के मामले की जांच शुरू

**कांकेर।** चारामा क्षेत्र में 26 जनवरी को श्रवण तारम और मोतीराम जुर्री स्कूटी से चारामा मेला देखने गए थे। शाम करीब 5 बजे एनएच-30 स्थित धम्म विहार विपश्यना केंद्र के पास सड़क किनारे दुकान जाते समय एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

**राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर**
**सर्किट कोर्ट, रायपुर**
**-: राजस्व मामले की नोटिस :-**

प्र.क्र. आर.एन./04/आर/अ-27/57/2025
पेशी दिनांकः-05.05.2026

प्रति,
1 प्रदीप पुरी गोस्वामी, पिता श्री होमपुरी गोस्वामी निवासी ग्राम पोटियाडीह, तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)
2 कबीर कुटी द्वारा सर्वराकार तजउराम साहू निवासी ग्राम कबीर आश्रम, पोटियाडीह तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)
3. श्रीमती अनुसूईया साहू पति श्री प्रभूराम साहू निवासी स्टेशन पारा औधौगिक वार्ड तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)

---0---

पुनरीक्षण निधी गोस्वामी पिता श्री पिता श्री प्रदीप पुरी गोस्वामी, निवासी ग्राम पोटियाडीह, तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.) द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मंडल छ. ग. सर्किट कोर्ट, रायपुर में न्यायालय आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर के प्र. क्र. 181/A-27/2022-23 पक्षकार निधी गोस्वामी विरूद्ध प्रदीप पुरी गोस्वामी व 01 अन्य में पारित आदेश दिनांक 03.12.2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्र.क्र. आर.एन./04/आर/अ-27/57/2025 में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 05.05.2026 को तिथि नियत है।

अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा।

न्यायालय के आदेशानुसार
रीडर
राजस्व मण्डल
सर्किट कोर्ट, रायपुर

राजस्व मण्डल, छ.ग.
सर्किट कोर्ट रायपुर

## जिला भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति आक्रोश सभा का आयोजन

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम जब तक पास न हो जाए, संघर्ष जारी रहेगा : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आईएनडीआई गठबंधन द्वारा लोकसभा में गिराए जाने के विरोध में भाजपा द्वारा जिलास्तरीय नारी शक्ति आक्रोश सभा का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी थीं। अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने की।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्ष द्वारा इसे लोकसभा में गिराकर उन्होंने अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। भाजपा सदैव मातृशक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस आक्रोश सभा के माध्यम से पूरे जिले की महिलाओं की आवाज को बुलंद करेंगे और विपक्ष के इस निर्णय का लोकतांत्रिक विरोध करेंगे।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि देश की महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के खिलाफ एक बड़ा आघात है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलता, जिसे विपक्ष ने रोकने का प्रयास किया।

जिला प्रभारी किरण बघेल ने कहा कि आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे समय में इस प्रकार का विरोध अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह निर्णय महिलाओं के सशक्तिकरण के मार्ग में बाधा उत्पन्न करने वाला है।

सभा को प्रकाश बैस, प्रेमलता नागवंशी ,राकेश शर्मा, महेन्द्र पंडित, ज्योति चंद्राकर खिलेश्वरी किरण, राकेश साहू ने भी संबोधित किया।

सभा का संचालन प्रियंका सिन्हा ने किया। मौके पर आमदी नपं अध्यक्ष ज्योति साहू, निगम सभापति कौशल्या देवांगन, जागेश्वरी साहू, चंद्रकला साहू, रुक्मिणी सोनकर, संगीता जगताप, प्रीति यदु, मोनिका देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, कुरूद जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, अनीता सोनकर, विनीता कोठारी, अनीता ध्रुव, सुनीता साहू, गरिमा नेताम, पवित्रा दीवान, आशा लोधी, धनेश्वरी साहू, डॉली सोनी, पूजा कुंजाम, हिमानी साहू, कविता चंद्राकर, अनीता अग्रवाल, चंद्रभागा साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल ,विनय जैन, गौरव मगर, राजीव चंद्राकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांक, कैलाश सोनकर, राघवेंद्र साहू, पार्षद संतोष सोनकर, निलेश लूनिया समेत अन्य उपस्थित थे।

# डॉग्स नसबंदी में पारदर्शिता और निगरानी की मांग को लेकर डॉग लवर्स ने महापौर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर में प्रस्तावित लगभग ढाई हजार डॉग्स की नसबंदी अभियान को लेकर जीव सहारा सेवा समिति के डॉग लवर्स प्रतिनिधिमंडल ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने नसबंदी कार्य में पारदर्शिता, बेहतर देखरेख तथा डॉग लवर्स की निगरानी में अभियान संचालित कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूर्व में निगम द्वारा कराए गए नसबंदी कार्य के दौरान कई खामियां सामने आई थीं। कई डॉग्स को जिस स्थान से उठाया गया, नसबंदी के बाद वापस उसी स्थान पर नहीं छोड़ा गया, जिससे दूसरे क्षेत्रों में छोड़े गए डॉग्स को स्थानीय डॉग्स के आक्रामक व्यवहार का सामना करना पड़ा। साथ ही भोजन, पानी, दवाइयों एवं देखरेख की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए।

डॉग लवर्स ने महापौर से कहा कि इस बार ज्यादा से ज्यादा फीमेल डॉग्स की नसबंदी कराई जाए और नर-मादा का कम से कम 50-50 अनुपात रखा जाए। फीमेल डॉग्स के लिए नसबंदी के बाद ई-कॉलर लगाने की व्यवस्था करने की मांग भी रखी गई, ताकि टांके खुलने जैसी समस्या न हो।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि नसबंदी अभियान के दौरान डॉग लवर्स को निगरानी की अनुमति दी जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि डॉग्स को समुचित भोजन, पानी और दवाइयां मिल रही हैं तथा उन्हें नसबंदी के बाद उसी स्थान पर छोड़ा जा रहा है, जहां से उन्हें लाया गया था।

डॉग लवर्स ने कहा कि यह शहर के बेजुबान जीवों के संरक्षण और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा विषय है, इसलिए नगर निगम को पशु हित को प्राथमिकता देते हुए अभियान संचालित करना चाहिए। इस दौरान डॉग लवर्स के 10 सदस्यों - बजरंग अग्रवाल, वीणा कौशिक, पुष्पेंद्र बाजपेई, डेमत देवांगन, कन्हैया पंसारी, पियूष पारेख, आयुषी मित्रा, अंकिता चौधरी, खुशबू कामडे और भारतेषु मिश्रा को नसबंदी स्थल पर देखरेख हेतु अनुमति देने की मांग की गई।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की मिलेगी निःशुल्क कोचिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आकांक्षा ट्यूशन रिसोर्स डेवलपमेंट सोसायटी धमतरी ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल की है। सोसायटी की पदाधिकारी मीनाक्षी ने बताया कि आकांक्षा ट्यूशन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट सोसायटी धमतरी इकाई ने नीट, जेईई, पीएससी, बैंकिंग जैसी प्रतिभागी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रारंभ की है। संस्था 10वीं, 12वीं की तैयारी के अलावा समाचार पत्र का प्रकाशन, गृह उद्योग, नर्सिंग कॉलेज और चिकित्सा महाविद्यालय के क्षेत्र में आगे कदम बढ़ाएगी। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के साथ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास, विभिन्न उपक्रमों, संचार टेक्नालॉजी के क्षेत्र में प्रवेश कर सामाजिक और जीविकोपार्जन तथा महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण का संचालन संस्था द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। टानीटोला स्थित अम्बेडकर भवन में आयोजित हो रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए बीपीएल कार्ड धारकों को निःशुल्क तथा एपीएल और क्रीमीलेयर वर्ग से रियायती शुल्क लिया जाएगा।

## अंचल की खबरें

### सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**धमतरी।** सर्वोदय हायर सेकेंडरी स्कूल हटकेशर में कक्षा 1, 2, 3, 4, 6, 7, 9, 11 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। मुख्य अतिथि हिमांशु शेखर साहू सरपंच दर्री व विशिष्ट अतिथि उपसरपंच निरंजन साहू एवं स्कूल के प्रिंसिपल टीआर सिन्हा, सिन्हा मैडम, संजय मीनपाल थे। अतिथि ने कहा कि मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि जिस स्कूल में मैं 2009 से 2012 तक पढ़ाई की, वहां अतिथि के रूप में जाना मेरे लिए भावुक पल था। हालांकि मैं वहां अतिथि के रूप में नहीं एक विद्यार्थी होने के नाते सर मैडम का निमंत्रण स्वीकार किया था। सर्वोदय स्कूल की शिक्षा और अनुशासन का ही प्रतिफल है कि मैं आज अपने गांव का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।

### परसुली में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



**धमतरी।** पंचायत व ग्राम विकास समिति ने ग्राम परसुली के वार्ड क्रमांक पांच में विद्युत समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर के लिए चार पोल विगत दो साल से लगा हुआ है किंतु अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया है। गांव में अक्सर लो वोल्टेज व बिजली चली जाने की समस्या बनी रहती है स्थिति को देखते हुए पंचायत ने कई बार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया किंतु विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। रात्रि में बिजली चली जाने से नींद हराम हो जाती है। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने विभाग में जाकर अपनी समस्या बताई तो वहां के कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगाने की व्यवस्था हो चुकी है और एक दो दिनों में चालू हो जाएगा। मांग करने वालों में से सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, तोमेश्वर निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, उपसरपंच घनश्याम बांधे, भैय्यालाल साहू, मेघनाथ साहू, नारायण साहू, तोरण ध्रुव, त्रिलोकी साहू, तोरण निषाद, कृष्णकुमार साहू, धनवा महिलांगे आदि है।

### कोर्रा स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षाफल घोषित



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्रा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में कुल 42 विद्यार्थियों का पंजीयन था, जिनमें से 41 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस कक्षा का परीक्षा परिणाम 73.17 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं में कुल 29 विद्यार्थियों का पंजीयन था और सभी विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओंकार साहू, विधायक प्रतिनिधि जगदीश्वर शर्मा, समिति सदस्य श्रीमती चंद्रिका साहू, संस्था के प्राचार्य एन. एम. वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### फनी फ्रेंड्स ने राहगीरों को पिलाया आम पना

**धमतरी।** फनी फ्रेंड्स धमतरी द्वारा आम पना सेवा का आयोजन किया गया। रत्नाबांधा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने स्व मनहर सेठ की स्मृति में संचालित प्याऊ स्थल पर प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ यह सेवा लगभग ढाई घंटे तक संचालित रही। आम, पुदीना एवं विशेष मसालों से तैयार स्वादिष्ट एवं शीतल आम पना सैकड़ों राहगीरों को पिलाया गया, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में काफी राहत मिली। इस सेवा कार्य की विशेषता यह रही कि शहर के वरिष्ठ समाजसेवी बिपिन दोशी (87 वर्ष) एवं गोपाल शर्मा (82 वर्ष) ने स्वयं उपस्थित रहकर लगभग आधे घंटे तक पना वितरण में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस आयोजन में अशोक खंडेलवाल, पराग दोशी, सुमन शर्मा, राधिका जोशी, धनश्री जोशी, सुभाष मलिक, सरिता दोशी, संतोष साहू, रिज़वान अली, अविनाश एवं घनश्याम सहित अनेक सेवाभावी जनों ने सहभागिता निभाई।

# महिला आरक्षण पर गरजी भाजपा



■ कारगिल चौक पर किया विपक्ष का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में विपक्षी दलों द्वारा इसे पारित नहीं करने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा कुरूद मंडल और युवा मोर्चा मंडल के कार्यकर्ताओं ने कारगिल चौक में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले जलाए गए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण देना होगा जैसे गगनभेदी नारे लगाए। माहौल उस वक्त और उग्र हो गया जब कार्यकर्ताओं ने एक साथ कई विपक्षी दलों के पुतलों में आग लगा दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने बीच-बचाव करते हुए आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने पुतलों को पूरी तरह जलाकर ही दम लिया।

इस प्रदर्शन में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिलोक चंद्र जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, सत्यम चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, प्रभात बैस, योगेश साहू, महेंद्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, कविता चंद्राकर, केशव चंद्राकर, हिमांशु साहू, भारत साहू, रवि चंद्राकर, बादल चंद्राकर, युदेश्वर सिंह, भागवत देवांगन, ऋषभ सिंह, विवेक चंद्राकर, आशु निर्मलकर, हेमराज विश्वकर्मा, राजू चंद्राकर विद्या शर्मा, कमिथला साहू, लक्ष्मी रेड्डी, मानकी यादव, पुन्नी बैस, तीजिया ध्रुव, मीना राजपूत, राधा ढीमर, राजमती चक्रधारी, जया बैस, लीला राव, रजनी साहू, बिमला साहू, शांति पदमवार, कमला साहू, तुलसी सेन, दुलिया सिन्हा, सेवती, गौरी कटारिया, चंद्रकला सिन्हा की उपस्थिति रही।

# जनगणना में छत्तीसगढ़ी शामिल करने की मांग

■ छग क्रांति सेना तथा जोहार छग पार्टी ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ क्रांति सेना तथा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने छग राज्य की राजभाषा छत्तीसगढ़ी को स्वजन गणना पोर्टल में शामिल करने की मांग की है। जोहार छग पार्टी के अध्यक्ष निखिलेश देवान, छग क्रांति सेना के अध्यक्ष डोमेश्वर साहू, अमित वर्मा, युमेशकुमार, यशवंत साहू, यशराज देवांगन, भेमराज साहू, यादराम, गैंदलाल सिन्हा, डा. प्रेमुराम सिन्हा, राज देवांगन आदि ने जिलाधीश के नाम अनुविभागीय अधिकारी को अलग -अलग आवेदन सौंपा है।

आवेदन में कहा है कि भारत सरकार जनगणना विभाग द्वारा जारी स्वजन गणना पोर्टल में मातृभाषा के कॉलम में छत्तीसगढ़ी भाषा को स्थान नहीं दिया गया है। जबकि नेपाली विदेशी भाषा का उल्लेख है। नेपाली भाषा में बोलने वाला भारत में नगण्य लोग है। वहीं आठवीं अनूसूची में शामिल नहीं होने वाली अंग्रेजी भाषा को स्थान दिया गया है। 28 नवंबर 2007 को छत्तीसगढ़ी भाषा को छग शासन राजभाषा आयोग ने राजभाषा का दर्जा प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ी व्याकरण की रचना सन 1885 में साहित्यकार एवं कवि हीरालाल चन्नाहू द्वारा की गई है। छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग छत्तीसगढ़ तथा इससे लगे हुए राज्य उड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में लगभग 3.5 करोड़ लोग करते हैं, जो विभिन्न अनुसूचित भाषा सिंधी, मणिपुरी, मैथिली, संस्कृत, नेपाली से ज्यादा लोगों की बोली है।

आवेदन में आगे कहा है कि जनगणना में छत्तीसगढ़ी भाषा को शामिल करने से छत्तीसगढ़ी बोलने वालों की वास्तविक संख्या की जानकारी होगी। जनगणना 2026-27 में छत्तीसगढ़ी भाषा को अनिवार्य रूप से शामिल करने की मांग की है। क्रांति सेना, जोहार पार्टी ने आवेदन में कहा है कि छत्तीसगढ़ी भाषा की उपेक्षा पर जनगणना का बहिष्कार एवं उग्र प्रदर्शन के लिए पार्टी बाध्य होगी, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### मोबाइल में सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। धमतरी विधानसभा के मकेश्वर वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 131 में एक अनोखा दृश्य सामने आया, जहां विवाह समारोह के बीच दूल्हा शंकर मानिकपुरी (भाजपा बूथ अध्यक्ष) और दुल्हन वेदिका मानिकपुरी ने मेहमानों के साथ मोबाइल पर मन की बात कार्यक्रम सुना।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शहर में रोजाना लगभग 15 हजार लीटर दूध की हो रही खपत

# गर्मी बढ़ने से दूध-दही की मांग में तेजी, कीमत में आया उछाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भीषण गर्मी का असर अब दूध और दही के बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। तापमान बढ़ने के साथ ही इनकी मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि उत्पादन घटने से कीमत में 10 से 20 प्रतिशत तक उछाल दर्ज किया गया है। डेयरी संचालक मदन कौशिक, मनीष ग्वाल और कैलाश यादव ने बताया कि शहर में इन दिनों देशी गाय का दूध 50 से 55 रुपए प्रति लीटर तक बिक रहा है, जो करीब तीन महीने पहले 45 रुपए प्रति लीटर था। बढ़ती मांग के कारण होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बाहर से भी दूध मंगाना पड़ रहा है।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग दही और मठा का अधिक सेवन कर रहे हैं, जिससे इनकी बिक्री में भी तेजी आई है। शहर में प्रतिदिन लगभग 15 हजार लीटर दूध की खपत हो रही है, जिसमें बड़ी मात्रा दही और मठा बनाने में उपयोग की जा रही है। वहीं रोजाना करीब 250 किलो दही की बिक्री दर्ज की जा रही है, जो सामान्य दिनों की तुलना में अधिक है।



#### गर्मी में दूध उत्पादन प्रभावित

पशु चिकित्सकों के अनुसार अत्यधिक तापमान के कारण मवेशियों में तनाव बढ़ जाता है और बीमारियों का खतरा भी अधिक रहता है, जिससे दूध उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी है कि वे मवेशियों को ठंडा वातावरण, पर्याप्त पानी और संतुलित आहार उपलब्ध कराएं, ताकि उत्पादन में गिरावट को कम किया जा सके।

#### जिले में 110 डेयरियां

धमतरी जिले में लगभग 110 डेयरियां संचालित हैं। सामान्य दिनों में जहां एक पशु 60 लीटर तक दूध देता है, वहीं गर्मी में उत्पादन कम हो जाता है। इसके साथ ही चारा और भूसे की कीमतों में वृद्धि से लागत भी बढ़ गई है, जिससे डेयरी संचालकों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावना है, जिससे दूध उत्पादन और कीमतों पर असर पड़ सकता है।

## मातंगी दिव्यधाम के पीठाधीश्वर को व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी



■ महाराज जी ने अभनपुर थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरुद विधानसभा क्षेत्र के जीजामगांव स्थित मां मातंगी दिव्यधाम के पीठाधीश्वर डॉ. प्रेमासाई महाराज को व्हाट्सएप के जरिए जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। महाराज जी ने अपने अनुयायी के साथ अभनपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई के साथ स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

महाराज जी ने बताया कि घटना 10 अप्रैल 2026 की है, जब वे अपने परिवार के साथ केरल यात्रा पर थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12:40 बजे उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अश्लील गालियों के साथ जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पूरे परिवार को खत्म करने की भी बात कही।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संदिग्ध नंबर जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा हो सकता है। ट्रूकॉलर पर हिलाल बानी नाम दिखाई दे रहा है। हालांकि पुलिस अभी इसकी पुष्टि कर रही है।

ज्ञात हो कि डॉ. प्रेमासाई महाराज लंबे समय से धर्म और सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। उनके आयोजन हिंदू एकता शोभायात्रा, हिंदू जगाओ अभियान और दिव्य दरबार में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की धमकियां पहले भी मिल चुकी हैं।

महाराज जी ने थाना में लिखित शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं धाम की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार से निवेदन किया है। इधर घटना के बाद धाम से जुड़े श्रद्धालुओं में भी चिंता का माहौल है।

## बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा पीपरछेड़ी का बड़ेपारा, कमार डेरा

■ पीने का पानी, आवास, सोलर पंप, सड़क, रंगमंच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)



कुकरेल तहसील के क्षेत्र के प्रथम निर्मल ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह के आश्रित ग्राम बड़ेपारा कमारडेरा में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां के जागरूक नागरिक बिहारू राम कमार तथा नरेश कमार ने बताया कि नल जल कनेक्शन लगा है लेकिन पीने लायक पानी के लिए दो साल से तरस रहे हैं। इस कमार डेरा में बोर खनन करने, पानी टंकी बनाने, सड़क बनाने की आवश्यकता है। यहां निस्तारी की बड़ी समस्या है। नहाने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है। नाला का पानी पूरी तरह सूख चुका है।

पीने के पानी के लिए दूर खेत जाना पड़ता है। बिहारू राम कमार ने बताया कि पीपरछेड़ी के बड़ेपारा में अक्सर लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। नागरिकों के बैठने के लिए रंगमंच नहीं है। घोरडगी नाला से कमारपारा तक डेढ़ किलोमीटर सड़क निर्माण करने की आवश्यकता है। सरोज कुमार तथा रवि शंकर कमार ने पीएम आवास दिलाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

बिहारू राम कमार, दुलोरिन बाई ठाकुर, राम सुखार, खेदूराम, प्रमिला ने पीपरछेड़ी के ऊपरपारा कमारडेरा में मूलभूत सुविधा मुहैया कराने की मांग की है।

इस संदर्भ में ग्राम बाजार कुर्रीडीह के युवा सरपंच नरेश कुमार मरकाम ने बताया कि बड़ेपारा कमारडेरा की समस्याओं का ग्रामसभा में रखा जायेगा। प्रस्ताव पारित कर सारी कमियों को पूरा किया जाएगा। बहरहाल पानी की समस्या के निदान के लिए टैंकर से पानी की व्यवस्था की जायेगी।

लो वोल्टेज और कटौती से लोगों को मिलेगी राहत

# धमतरी को सौगात : 6 करोड़ से बनेंगे दो नए सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहरवासियों को विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जल्द राहत मिलने जा रही है। दानीटोला और पोस्ट ऑफिस वार्ड में 32 केवीए के दो नए सब स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए 6 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इसे धमतरी के विद्युत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

शहर में लंबे समय से लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती की समस्या बनी हुई थी, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए





महापौर रामू रोहरा ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया था। महापौर के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए शासन ने दो सब स्टेशन की मंजूरी प्रदान की है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि इन सब स्टेशनों के स्थापित होने से शहर में विद्युत आपूर्ति अधिक सुचारू होगी, लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल आधारभूत सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि धमतरी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महापौर ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जनता की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। धमतरी शहर को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। यह स्वीकृति जनता को समर्पित है। इससे हजारों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

#### साहू समाज शुरू से ही सेवा में अग्रणी : लेखराम

अंवरी। ग्राम भेंडरवानी में दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई। लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरुद ने कहा कि साहू समाज शुरू से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है। हेल्थ कैंप, कन्या विवाह, रक्तदान जैसे सेवाभावी कार्यक्रम लगातार आयोजित कर अन्य समाज के लिए प्रेरणा बना रहा है।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




